कोलकाता, बुधवार 17.11.2021 | 03

अखबार नहीं आंदोलन

प्रभात खबर

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

सरोज दत्ता कैंसर अस्पताल में आठ वर्षों में 75 मरीजों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट

कोलकाता. सरोज दत्ता कैंसर हॉस्पिटल (ठाकुरपुकुर कैंसर अस्पताल) में गत आठ वर्षों में 75 बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किये गये. इनमें 48 पुरुष एवं 27 महिलाएं शामिल हैं. यह जानकारी अस्पताल के निदेशक डॉ अर्नव गुप्ता ने मंगलवार को कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए 2013 में बीएमटी यूनिट खोली गयी थी. कोरोना की दूसरी लहर के बाद गत तीन माह में 11 मरीजों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया. डॉ गुप्ता ने बताया कि विश्व में 1950 और भारत में 1983 में पहली बार बोन मैरो ट्रांसप्लांट हुआ था. तब से अब-तक विश्व में 10.5 लाख एवं भारत में 2019 तक 19421 बोन मैरो ट्रांसप्लांट हो चुके हैं. अस्पताल के सचिव अंजन गुप्ता ने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए अब बंगाल के लोगों को दूसरे राज्यों में जाने की जरूरत नहीं है. हमारे अस्पताल में कम खर्च पर यह करा सकते हैं.

मौके पर अस्पताल के बीएमटी विभाग के प्रभारी डॉ पार्थ प्रतिम गुप्ता ने भी अपने विचार रखे.